अधिसूचना

कार्यालय
मंडल रेल प्रबन्धक(का.)
वाराणसी
दिनांक-07.01.2020

सं.-का/वा/254/16-2/3%कोटा/2019

विषय :- चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी(वाणिज्य सह टिकट लिपिक 5200-20200 ग्रेडपे 2000/ले-03)के 16-2/3% विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत चयन के सम्बन्ध में।

****

वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग मे (वाणिज्य सह टिकट लिपिक 5200-20200 ग्रेडप पे 2000/ले-03)के 16-2/3%विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत कुल=33(सामान्य=24,अजा=04एंवं अजजा=05)पद चतुर्थ श्रेणी ले-01(वाणिज्य विभाग,परिचालन विभाग एवं चिकित्सा विभाग के सफाई वाला) के नियमित कर्मचारियो से भरे जाने हेतु संलग्न प्रोफार्मा पर विकल्प /आवेदन पत्र आमत्रित किया जाता हैं। इस चयन में सम्मिलित होने हेतु वे कर्मचारी पात्र होगें जो जारी अधिसूचना की तिथि को कम से कम 02 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके है,एवं शैक्षणिक योग्यता इन्टरमिडिएट अथवा उसके समकक्ष परीक्षा कम से कम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । उक्त परीक्षा पूर्णत: मेरिट के आधार पर होंगी ।अजा,अजजा एवं भूतपूर्व सैनिक के मामले में शैक्षणिक योग्यता इन्टरमिडिएट अथवा उसके समकक्ष उत्तीर्ण होगी ।

इच्छूक कर्मचारी संलग्न प्रोफार्मा पर अपना विकल्प/आवेदन पत्र वांछित प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक-14.02.2020 तक इस कार्यालय में अपने पर्यवेक्षक के माध्यम से अवश्य भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त विकल्प /आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपर्युक्त चयन हेतु मात्र लिखित परीक्षा ली जायेगी,जिसके तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। लिखित परीक्षा 1 घण्टे 30 मिनट कुल 85 अंक की होगी,जिसमे प्रश्न-पत्र दो खण्डो " अ" एंव "ब" में होंगे । खण्ड " अ" में हिन्दी एंव अग्रेजी की सामान्य जानकारी तथा खण्ड "ब" में सामान्य गाणित तथा रेलवे कार्य पद्धति से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे,जो कर्मचारी द्वारा रेल सेवा के दौरान उपयोग में लाया जाता है। खण्ड क 40 एवं खण्ड ब 45 अंको का होगा । रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या-E(NG)I/2018/PM दिनांक-14.12.18 एवं दिनांक-30.08.19 के अनुसार खण्ड अ एवं ब के सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे,तथा दोनो खण्डों अ एवं ब में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित अंको में से कम से कम 10% अंक राजभाषा नीति एवं नियमो से सम्बन्धित होंगें। राजभाषा नीति एवं नियमों से सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर वैकल्पिक होंगे एवं प्रश्नों का मुल्यांकन रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)I/2018/PM1/4 दिनांक 14.11.2019 में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार गलत उत्तर के लिए प्रत्येक प्रश्न के नियत अंक का एक तिहाई निगेटिव मार्क्स होगा । विकल्प देने वाले कर्मचारियों को उक्त अधिसूचना को परीक्षा की तैयारी मानते हुए अल्प कालिक सूचना पर परीक्षा के लिए तैयार रहना होगा । उक्त परीक्षा में अनुपस्थित लिखित परीक्षा का कोई प्रावधान नहीं है ।

सभी पर्यवेक्षको को यह निर्देश दिया जाता है कि कर्मचारियों का विकल्प/आवेदन पत्र प्राप्त कर दिनांक-14.02..2020 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भेजने के पूर्व यह भी सुनिश्चित करेंगे कि,आवेदन/ विकल्प पूर्ण रुप से भरा हो । अपूर्ण आवेदन एवं प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन/विकल्प पर विचार नही किया जायेगा । व्यापक प्रचार प्रसार हेतु अधिसूचना की एक प्रति स्टेशन नोटिस बोर्ड पर अवश्य लगावें तथा अपने अधिनस्थ कर्मचारियों द्वारा इसे नोट कराया जाना सुनिश्चित करें ।

सहायक कार्मिक अधिकारी
कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
वाराणसी

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित-

1.वमवाप्र/वमपरिप्र/मुचिधि/वाराणसी
2.समस्त स्टेशी/मुवानि/स्वास्थ्य निरीक्षक/वाराणसी मंडल
3-प्राचार्य.क्षे.प्र.वि/मुजफ्फरपुर
4-मुवानि/कन्ट्रोल वाराणसी-कृपया उक्त अधिसूचना को अपने स्तर से प्रसारित करने की व्यवस्था करें।
5-कार्याधी/वाणिज्य-कृपया उक्त अधिसूचना को अपने स्तर से प्रसारित करने की व्यवस्था करें।
6-नोटिस बोर्ड/कार्याधी एम.पी.पी.सेल/वाराणसी
7-मंडल मंत्री नरमू,ओबीसी,अजा,अजजा वाराणसी

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(का.)
वाराणसी

Scanned by CamScanner

आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

श्रीमान मंडल रेल प्रवन्धक(कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

विषय :-चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी 16-2/3% कोटा के अन्तर्गत वाणिज्य सह टिकट लिपिक(ग्रेड पे 5200-20200+2000/- लेवल-3)के चयन में सम्मिलित होने हेतु ।

****

मै निम्नलिखित सेवा विवरण के साथ चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में 16-2/3% कोटे के अन्तर्गत चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करता/करती हूँ ।

अधिसूचना संख्या---------------------------

प्रमाणित फोटो

1-कर्मचारी का नाम-

2-पिता का नाम-

3-पदनाम

4-वेतनमान/लेवल-

5-कार्यस्थल/विभाग-

6-वेतनमान पद पर नियुक्ति तिथि-

7-मूल पद पर नियुक्ति तिथि/वेतनमान-

8-जन्म तिथि-

9-शैक्षणिक योग्यता-

10-परीक्षा उत्तीर्ण तिथि-

11-यदि अजा,अजजा,के हो तो जाति का नाम (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

मै घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण पूर्णत:सत्य है और इसमे दिया गया विवरण यदि गलत पाया जाता है तो मै उसके लिए पूर्णत: जिम्मेदार रहूँगा।

(आवेदक का हस्ताक्षर/पद)

दिनांक-

अग्रसारित एवं प्रमाणित किया जाता है कि,कर्मचारी का आवेदन पत्र पत्र अपने हाथ से भरा गया और मेरे सामने हस्ताक्षर किया गया है,तथा उक्त विवरण मेरी जानकारी में सही है ।

पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर
मुहर
दिनांक ----/----/

Scanned by CamScanner